कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0,
सिंचाई खण्ड, देहरादून

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

Contact No:- +91-135-2769738
Fax: +91-135-2769738
email:
eepmgsydehradun@rediffmail.com

पंत्राक 532 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि दिनांक 15 /07/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग,
मसूरी, उत्तराखण्ड।

विषयः– जनपद देहरादून के रायपुर ब्लाक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सहस्त्रधारा (कार्लीगाड़) से नालीकंला मोटर मार्ग (कुल लम्बाई–11.425) के नव निर्माण हेतु 9.194 है0 वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 गैर वानिकी कार्यो हेतु पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव। (FP/UK/ROAD/13657/2015 Dtd 02-07-2015)

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–4580/12–1, दिनांक–10.06.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक का अवलोकन करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में आपके द्वारा अपने पत्र सं0–4580/12–1, दिनांक–10.06.2020. के द्वारा यह आपत्ति लगाई है कि ऑनलाईन भाग–1 के पैरा G(i) में Format A अपलोड नहीं किया गया है, खण्ड द्वारा ऑनलाईन भाग–1 के पैरा G(i) में Format A अपलोड कर दिया गया है तथा एडिश्नल इन्फॉरमेशन डिटेल में भी अपलोड़ कर दिया गया है।

आपके कार्यालय द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु नये 17.00 है0 अवनत वन क्षेत्र के जी0पी0एस0 लोकेशन उपलब्ध करायी गयी थी, तदानुसार मुख्य वन संरक्षक निगरानी, मुल्यांकन, आई0टी0 एवं आधुनिकिकरण, वन भवन, देहरादून द्वारा के0एम0एल0 फाईल, डिजिटल एवं जियो रेफरेन्स, गुगल मानचित्र इस कार्यालय को तैयार कर उपलब्ध कराये गये है, जिस पर इस खण्ड़ एवं प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, मसूरी उत्तराखण्ड़ के हस्ताक्षर करने के उपरान्त ऑनलाईन अपलोड़ कर दिये गये है।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः–1– अपलोड किये हुये संगत दस्तावेजों की हार्ड प्रति ।

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,
6–इन्दिरा नगर, देहरादून।

पंत्राक 532 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि/तदिनांक

प्रतिलिपि–सहायक अभियन्ता– प्रथम, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून को इस आशय से प्रेषित है कि वन भूमि के प्रस्तावों को व्यक्तिगत् रूचि लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग मसूरी कार्यालय से सम्पर्क कर प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें साथ ही इस कार्यालय को सूचित करें एवं साप्ताहिक प्रगति से इस कार्यालय को अवगत करायें।

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,
6–इन्दिरा नगर, देहरादून।